# मासूम का शव मिलने से सनसनी

## घर से एक किमी दूर गेहूं के खेत में मिला शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**सिंगरौली, 23 फरवरी.** सिंगरौली जिला के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवारी गांव में 18 माह की मासूम बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. बच्ची का शव उसके घर से लगभग एक किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में मिला. घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए.

सूचना मिलते ही गढ़वा थाना पुलिस डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल पर पहुंची और पूरे क्षेत्र



की बारीकी से जांच शुरू की. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. परिजनों के अनुसार मृत बच्ची का

> एसडीओपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्ची के शरीर पर किसी गंभीर या प्राणघातक चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं, हालांकि नाक के पास खून के निशान पाए गए हैं. मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा. फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है.

नाम प्रियांशु पनिका था, जो संतोष पनिका की पुत्री थी. रविवार सुबह करीब 8 बजे वह घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई थी. काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. इसके बाद परिजन और ग्रामीण अपने स्तर पर लगातार खोजबीन कर रहे थे. सोमवार सुबह सूचना मिली कि गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में बच्ची का शव पड़ा है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की.

# शादी का झांसा देकर एमबीए छात्रा से दुष्कर्म

**इंदौर 23 फरवरी.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एमबीए की पढ़ाई कर रही छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में मुकर जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान निवासी

▶ **आरोपी पर एससी/एसटी के तहत प्रकरण दर्ज**

आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान बाबूलाल पुत्र सुखलाल गुर्जर, निवासी उदयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है. पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2021 में वह एक निजी कोचिंग संस्थान में अध्ययन कर रही थी. उसी दौरान उसकी सहेली का चचेरा भाई बाबूलाल अपनी बहन को कोचिंग छोड़ने आता-जाता था. इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई और बाद में इंस्टाग्राम व वॉट्सएप के माध्यम से बातचीत शुरू हो गई. शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी ने प्रेम संबंध का विश्वास दिलाकर जनवरी 2022 में व्यासनगर स्थित एक परिचित के घर ले जाकर शादी का वादा करते हुए उसके साथ पहली बार शारीरिक संबंध बनाए, इसके बाद भी वह लगातार विवाह का आश्वासन देता रहा और उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा. पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से पीछे हट गया.

### भाजपा नेता के भाई ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर.** राऊजी बाजार थाना क्षेत्र के चंद्रभागा इलाके में पपीता कारोबारी द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की. थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि मृतक की पहचान 50 वर्षीय मंगलेश पचौरी के रूप में हुई है, जो भाजपा नेता दीपेश पचौरी के बड़े भाई बताए जा रहे हैं. रविवार शाम उन्होंने अज्ञात जहरीला पदार्थ निगल लिया, तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल गोकुलदास अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. वहीं जांच अधिकारी एएसआई अनार सिंह का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. मृतक चोइथराम मंडी में पपीते के व्यापार से जुड़े थे. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## एक नजर में



### श्रीराम कथा में शामिल हुईं राज्यमंत्री

**सतना.** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी रविवार को माधवगढ़ स्थित अमरहिया आश्रम में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुईं. राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा, त्याग, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है. भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों, कर्तव्यपरायणता और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है, जिसे आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं. राज्यमंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक मंडल एवं समस्त श्रद्धालुजनों को साधुवाद दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

### दिल्ली पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**ग्वालियर.** भारत मंडपम में इंटरनेशनल डेलिगेट्स की मौजूदगी में शर्टलेस प्रदर्शन करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने ग्वालियर से बीती रात यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था. पुलिस को संदेह है कि जितेंद्र इस पूरी साजिश का हिस्सा था और विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां मौजूद था. दिल्ली पुलिस की टीम ने जितेंद्र यादव को आज दिल्ली लाकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 2 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेज दिया गया है. पुलिस उन ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है जहां प्रदर्शन के दौरान पहनी गई विवादित टी-शर्ट्स प्रिंट करवाई गई थीं. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच की आज सोमवार को ग्वालियर चंबल क्षेत्र में ताबड़तोड़ रेड जारी है. ग्वालियर से राजा गुर्जर के अलावा भिंड से बिमल, झांसी से प्रद्युम्न और ललितपुर से बंटी शुक्ला नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया है.

### मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 1 लाख

**जबलपुर.** रांझी थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के मोबाइल को हैक कर जालसाज ने 1 लाख रुपये उड़ा लिए. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुलसीनगर मानेगांव निवासी 37 वर्षीय दिनेश चंद्र मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल फोन को हैक कर लिया और छल-पूर्वक उनके बैंक खाते से 1 लाख रुपये पार कर दिए .पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### बाइक रैली के आयोजक पर केस दर्ज

**इंदौर.** डेली कॉलेज परिसर में बिना पूर्व अनुमति बाइक राइडिंग रैली आयोजित करने की तैयारी कर रहे युवकों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है. रैली के आयोजक के रूप में एक युवक को आरोपी बनाकर जांच की जा रही है. आजाद नगर थाने में जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक नागेंद्र यादव ने बताया कि देर रात करीब 9 बजे डेली कॉलेज प्रांगण में कुछ युवक बाइक रैली निकालने की तैयारी में रेडी पोजीशन में खड़े थे. सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर पूछताछ की. जांच के दौरान वहां मौजूद बाइकर्स ने बताया कि उक्त बाइक राइडिंग रैली इंडिया बाइक वीक के तहत आयोजित की जा रही थी, जिसके आयोजक युवराज शैलादित्य सिंह निवासी ग्राम जामनिया, थाना मानपुर, जिला इंदौर हैं. इस पर आरोपी युवराज शैलादित्य सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

### दो जगह से 26 जुआरी गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में अवैध जुए के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है. भंवरकुआं और जूनी इंदौर पुलिस ने संयुक्त रूप से 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए की नकदी, ताश के पत्ते, मोबाइल फोन और वाहन जब्त किए हैं. देर रात भंवरकुआं थाना क्षेत्र के इंग्लैंड कॉलोनी स्थित योगिता टेंट हाउस के पास गणेश नगर में दबिश दी. यहां 23 लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए. मौके से 5 लाख 5 हजार रुपए नगद, 208 ताश के पत्ते, 26 मोबाइल फोन और 6 मोटरसाइकिल जब्त की. वहीं, जूनी इंदौर पुलिस ने उसी दिन तड़के करीब 4 बजे जूनी इंदौर ब्रिज के पास कार्रवाई कर तीन आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते ऐजू उर्फ अरबाज, वसीम और शाहनवाज को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 1 हजार रुपए नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए. दोनों मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है.

### भिंड से दिल्ली जा रही बस ट्रक से टकराई

**भिंड.** भिंड में नेशनल हाईवे-552 पर खड़े ट्रक से लहार से दिल्ली जा रही बस टकरा गई. 6 यात्री घायल हुए हैं. तेज रफ्तार में होने से ड्राइबर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया .हादसा रौन थाना क्षेत्र के मेहदा पुल के पास हुआ. टक्कर में बस सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए. सभी घायलों को रौन और मिहोना में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है.

### गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान का शुभारंभ

**श्योपुर.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से 7 फरवरी से 7 मार्च तक गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान चलाया जा रहा है. अभियान का प्रथम चरण गांधी चौक विजयपुर से प्रारंभ होकर तकरीबन 40 गांवों में सेवाएं करता हुआ, पूर्ण हुआ, अभियान के दूसरा चरण का शुभारंभ आज विजयपुर मंडी गेट से किया गया. अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक विजयपुर राघवेंद्र सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर वीरपुर क्षेत्र की सेवाओं के लिए अभियान को रवाना किया, इस अवसर पर पुलिस उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृद्धजनों के लिए सामाजिक न्याय विभाग व ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा संयुक्त प्रयास से किए जाने वाले कार्य सराहनीय है. अभियान प्रभारी शशि बहन ने बताया कि यह अभियान 23 फरवरी से 7 मार्च तक ब्रह्मकुमारी संस्था के समाज सेवा प्रभाग के सदस्यों द्वारा वीरपुर क्षेत्र के गांवो में वृद्ध जन के सम्मान, सुरक्षा, सशक्तिकरण व नशा मुक्त जीवन को लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य करेगा,

# चिकित्सालय परिसर में कोतवाल का आदेश भी हो गया बेअसर

## दो दर्जन से अधिक निजी एंबुलेंस संचालकों का लग रहा जमावड़ा

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. जिला चिकित्सालय परिसर से लेकर वार्डों तक सीधा दखल देते हुए मरीज के परिजनों को बरगला कर उन्हें निजी क्लीनिक-अस्पताल ले जाकर दलाली वसूलने के लिए कुख्यात निजी एंबुलेंस संचालकों पर रोक लगाने के मामले में न सिर्फ अस्पताल प्रशासन बल्कि पुलिस प्रशासन भी बेबस ही नजर आता है.**

▶ **अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने का प्रयास नाकाम**

▶ **एंबुलेंस संचालक वापस अस्पताल में जमा रहे डेरा**

हालांकि हनक बनाए रखने के लिए मुख्य गेट पर आदेश जरूर चस्पा करा दिया गया है. लेकिन उसका असर कितना हो रहा है इसकी तस्दीक परिसर में एंबुलेंस संचालकों की बनी रहने वाली मौजूदगी को देखकर आसानी से की जा सकती है.

जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सिटी द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में निजी एंबुलेंस संचालकों की अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने का काफी प्रयास किया जा चुका है. यहां तक कि परिसर और निकट के क्षेत्र से एंबुलेंस संचालकों को खदेड़ते हुए पहले सहकारी बैंक के पास और फिर उसके बाद पुराने पेट्रोलियम डिपो की ओर भेज दिया गया था. लेकिन हुआ यह कि हर बार खदेड़े जाने के कुछ दिनों बाद ही निजी एंबुलेंस संचालक वापस अस्पताल परिसर और आस-पास डेरा जमाने लगे. जबकि इस दौरान दलाली में दखल से नाराज कुछ निजी एंबुलेंस संचालकों द्वारा अस्पताल कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को खुलेआम धमकाने से भी परहेज नहीं किया गया.

लिहाजा कुछ दिनों तक कड़ाई करने के बाद प्रशासन द्वारा मामले को छोड़ दिया गया. जिसके चलते एक बार फिर से अस्पताल के वार्डों तक निजी एंबुलेंस संचालकों की धमाचौकड़ी शुरु हो गई. इतना ही नहीं बल्कि इस मामले में अस्पताल चौकी में पदस्थ स्टॉफ द्वारा कुछ निजी एंबुलेंस संचालकों को शह देने के गंभीर आरोप भी सामने आने लगे. लिहाजा अमले की फजीजत बढ़ती देख कोतवाल साहब सक्रिय हो गए और मातहत अमले से सवाल जवाब किया जाने लगा. इसी कड़ी में अस्पताल के मुख्य गेट पर कोतवाल का एक आदेश चस्ता कर दिया गया. जिसके जरिए अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस संचालकों के प्रवेश का प्रतिबंधित कर दिया गया. आलम यह रहा कि आदेश को और पुख्ता बनाने के लिए उसे फाड़कर दूसरा सील सिक्का वाला आदेश भी चस्पा कर दिया गया. लेकिन इस बार भी वही हुआ जो अब होता आ रहा था. कुछ दिन की लुकाछिपी के बाद निजी एंबुलेंस संचालकों का परिसर में मंडराना शुरु हो गया.

### पिछला गेट बना रास्ता

बदली हुई व्यवस्था के चलते निजी एंबुलेंस संचालकों ने सामने के गेट से प्रवेश करने के बजाए अब पिछले रास्ते से प्रवेश करना शुरू कर दिया है. अस्पताल के पिछले गेट से प्रवेश कर हर रोज 3-4 एंबुलेंस मर्चुरी के पास खड़ी हो जाती हैं. वहीं टीवी वार्ड के बगल से बने रास्ते के जरिए निजी एंबुलेंस कर्मी अस्पताल के वार्डों तक पहुंच जाते हैं. जहां पर वे मरीज के परिजनों को बरगला कर निजी संस्थानों में ले जा रहे हैं. इतना ही नहीं बल्कि रात होते ही अस्पताल मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक निजी एंबुलेंस आकर खड़ी हो जाती हैं. रात के दौरान मरीरज को निजी संस्थानों में ले जाने के बाद सुबह होने तक ये वहां से गायब हो जाती हैं. यहां तक कि रात में पुलिस गश्त के दौरान भी अस्पताल के मुख्य गेट के अगल बगल निजी एंबुलेंस की मौजूदगी के साथ संचालकों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा दिखाई देता है.

## प्रदेश बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने बस हड़ताल का किया ऐलान

# 2 से थम जाएंगे 6 हजार यात्री बसों के पहिए



**ग्वालियर 23 फरवरी.** प्रदेश में 2 मार्च से यात्री बस हड़ताल होने जा रही है. इसमें सुबह 6 बजे से प्रदेश भर की 6000 यात्री बसों के पहिए अनिश्चितकाल के लिए ठहर जाएंगे. इससे लाखों यात्री प्रभावित होंगे. प्रदेश सरकार की परिवहन नीति के खिलाफ प्रदेश बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने सागर की धरती से ऐलान कर दिया है. लेकिन, इसके पहले अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर ग्वालियर चंबल अंचल में जिला स्तर पर आज सोमवार सुबह से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा रहे हैं. सरकार के लिए करीब एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है कि वह यात्री बसों पर बनाए गए टैक्स को वापस ले और साथ ही जो नई परिवहन नीति अप्रैल 2026 से लागू करने वाली है उसको भी निरस्त करें.

> मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि सरकार 20 साल बाद परिवहन सेवा दोबारा शुरू करने जा रही है. प्रदेश की जनता को सस्ते में बेहतर सफर उपलब्ध कराने की दावा कर रही है. लेकिन, सरकार के पास अब कोई बस बची ही नहीं है. वह यह सेवा 7 प्राइवेट कंपनियों के माध्यम से पीपीपी मॉडल पर लागू करने जा रही है, जिसमें प्राइवेट बस ऑपरेटर से अनुबंध किया जा रहा है. चार या पांच रुपये किलोमीटर के अनुसार अनुबंध होगा. इसमें 18 प्रतिशत अनुबंध करने वाली कंपनी लगी हैं. 10 प्रतिशत रेड बस वाले लेंगे. अभी यात्रियों के लिए प्रति 1 किलोमीटर 1.25 रुपये का किराया लगता है, लेकिन सरकार की नीति में यह किराया प्रति एक किलोमीटर 1.75 रुपये हो जाएगा. इससे आम जनता को भी नुकसान होगा. इससे सरकार का उद्देश्य बस मालिकों को किराएदार बनाकर उनका शोषण करना है.

### महापौर ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

**सतना 23 फरवरी.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने,वार्ड क्रमांक 18 में 21.06 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क का निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा और वार्ड के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी. हमारा संकल्प है कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ते रहें और आमजन को सुविधाजनक व सुरक्षित वातावरण मिले. भूमिपूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद मनीषा अजय सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी एवं सम्मानित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.




# किसान महाचौपाल में शामिल होने कांग्रेसी भोपाल रवाना

**सीधी 23 फरवरी.** किसानों के हक़ और अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में हजारों कांग्रेसजनों का जत्था भोपाल के लिए रवाना हुआ. जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन, सीधी से वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रस्थान किया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 फरवरी को भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान महाचौपाल का आयोजन किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में प्रदेशभर से किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है. जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने रवाना होने से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं. कृषि लागत में वृद्धि, फसलों के उचित मूल्य का अभाव, रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर किसान चिंतित हैं. उन्होंने कहा कि किसान महाचौपाल के माध्यम से किसानों की आवाज़ को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा.

> सीधी जिले से ट्रेन, बस एवं निजी वाहनों के माध्यम से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन भोपाल पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे. कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. जिला कांग्रेस कमेटी ने दावा किया है कि जिले से रिकॉर्ड संख्या में कार्यकर्ता इस महाचौपाल में शामिल होंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पिछले कई दिनों से ब्लॉक स्तर पर बैठकों एवं जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे थे. जिला नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन एवं संगठनात्मक एकता बनाए रखते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है.

### पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**इंदौर 23 फरवरी.** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने दो भाइयों को रास्ते में रोककर हमला कर दिया. पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि फरियादी प्रकाश बैरागी अपने छोटे भाई राकेश के साथ बाइक से महू नाका से घर लौट रहा था. इसी दौरान जबरन कॉलोनी निवासी अमर, मोंटी और उनका साथी प्रेम उर्फ मौसा ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया. आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की. विरोध करने पर मोंटी और प्रेम ने प्रकाश को पकड़ लिया, जबकि अमर ने चाकू निकालकर उसकी पीठ पर दो-तीन वार कर दिए.

# केआरजी की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**ग्वालियर 23 फरवरी.** शासकीय कमलाराजा कन्या स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने प्रकाश पैकेजिंग इंडस्ट्री का औद्योगिक भ्रमण किया. औद्योगिक भ्रमण दल को प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से छात्राओं के कौशल विकास, आत्मविश्वास तथा रोजगारपरक समझ में वृद्धि होती है.

**औद्योगिक भ्रमण दल को प्राचार्य ने दिखाई हरी झंडी**

इस अवसर पर छात्राओं ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा विपणन




संबंधी विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की. उद्योग के विशेषज्ञों ने छात्राओं को मशीनों के संचालन, सुरक्षा मानकों तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग के बारे में समझाया. भ्रमण के दौरान छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने जिज्ञासाओं का समाधान किया. इस अनुभव से उन्हें पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर मिला.भ्रमण दल का नेत्रत्व अर्थशास्त्र विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अंजू यादव ने किया. इस अवसर पर विभाग की सदस्य डॉ अर्चना दुबे, डॉ निशा मिश्रा, डॉ हेमा केन उपस्थित रहे. इस भ्रमण में 40 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की.

## डिस्ट्रिक बॉडी बिल्डिंग | संभाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप में रोमांचक प्रदर्शन

# शरीर साधकों ने किया मांसपेशियों का प्रदर्शन

**ग्वालियर 23 फरवरी. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण एवं ग्वालियर डिस्ट्रिक बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप में शरीर साधकों ने अपनी मांसपेशियों का शानदार प्रदर्शन किया.**

प्रतियोगिता में सम्पूर्ण ग्वालियर-चम्बल अंचल के 100 से अधिक शरीर साधक (बॉडी




बिल्डर्स) ने भाग लिया. मेले में संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डरों ने संगीत की धुन पर अपनी बॉडी का प्रदर्शन दिया. प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रेहान शेख एवं फैजान शेख, अभिषेक रोमर, नमित सक्सेना, अंकित तोमर रहे, जिन्होंने सर्वसम्मति से विजेता-उपविजेता की घोषणा की. इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया, सलमान पठान, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र सिंह नाती, श्याम सिंह चौहान, आशुतोष माहेश्वरी, मेला आयोजन प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव, जनभागीदारी अध्यक्ष रामअवतार बैस, पार्षद शिवसिंह यादव, पूर्व कार्यपरिषद् सदस्य विवेक भदौरिया, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव साहू, समाजसेवी अरविंद भदौरिया ने उपस्थित होकर विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अपनी शुभकामना प्रेषित कीं.

> चैंपियन ऑफ़ चैंपियन (बॉडी बिल्डिंग) का ख़िताब ओम बरेटा ने अपने नाम किया. वहीं द्वितीय स्थान अभिषेक गोयल ने एवं तृतीय स्थान शुभम आर्य ने प्राप्त किया . चैंपियन ऑफ़ चैंपियन (मेंस फिजिक केटेगरी) में प्रथम स्थान शुभम आर्य ने प्राप्त किया. साथ ही द्वितीय स्थान स्वयं राजावत व तृतीय स्थान हर्ष भदौरिया ने प्राप्त किया .

### हजीरा थाना क्षेत्र में लावारिस बच्चा मिला

**ग्वालियर 23 फरवरी.** जिले के हजीरा थाना क्षेत्र में पुलिस को एक लावारिस बच्चा मिला है. बताया जा रहा है कि बच्चा बोल नहीं पा रहा है, जिससे उसकी पहचान करने में दिक्कत आ रही है. थाना हजीरा पुलिस ने बच्चे को अपने संरक्षण में लेकर उसकी देखरेख शुरू कर दी है तथा परिजनों की तलाश की जा रही है. पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी का बच्चा गुम हुआ है या इस बच्चे के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना हजीरा से संपर्क करें.